एक सौंदर्य प्रसाधक (Makeup artist) के रूप में हमें व्यक्तिगत स्वास्थ्य व कार्यस्थल का उचित ध्यान रखना चाहिए।

व्यक्तिगत :

व्यक्ति को साफ कपड़े पहडनने चाहिए व नाखनू छोटे होने चाहिए।

- अँगूठी और चूड़ी जैसे आभुषण नही पहनने चाहिए।

- मुख स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए।

कार्यस्थलः कार्यस्थल पर निम्नलिखित चीजों का ध्यान रखना आवश्यक हैः

हवादार : कार्य स्थल पर्याप्त रूप से हवादार होना चाहिए ताकि गर्म या नमी युक्त या गंदी हवा निकल जाए एवं ताजी हवा एवं स्वच्छ हवा आ जाए।

कचरे का निपटाराः कॉटन जैसे साधारण कचरा उत्पादों को बंद कचरा पेटी में डाला जाता है किंतु किसी भी ज्वलनशील रसायनों अथवा उत्पादों का निपटान इनके उत्पादकों के निर्देशानुसार करना चाहिए।

फिसलनः कार्य स्थल पर किसी प्रकार के फिसलन से बचना चाहिए।

बिजली का झटकाः बिजली का झटका गंभर खतरा पैदा कर सकता है और यह घातक भी हो सकता है एवं दोषपूर्ण बिजली उपकरण अथवा इनके उपयोग से आग लग सकती है क्षति हो सकती और व्यक्ति घायल अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है।

नुकसानदायक वस्तुएँः कॉस्मेटोलॉजिस्ट का सामना कई रसायनों और वस्तुओं से होगा और यदि इनका इस्तेमाल सही तरीके से नही किया गया तो यह खतरनाक हो सकता है।

मेकअप प्रोडक्ट के प्रयोग से पहले उसकी समाप्ति तिथि (Expiry date) की जाँच कर लें ।

- निर्माताओं के निर्देशों का अनुपालन करें।

- रसायनों का भंडारण लेबल लगाकर एयर टाईट जार या बोतल में रखें।

## हेयर स्टाइलिंग (Hair Styling)

उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप निम्नलिखित कार्य सीख पायेंगें

- विभिन्न प्रकार के पारंपरिक हेयर स्टाइलिंग
- बैंक कोमिंग एंड बैक ब्रशिंग
- विभिन्न प्रकार की ब्रेडिंग
- ब्राइडल हेयर स्टाइल।

**हेयर स्टाइलिंग के उद्देश्य (Purpose of hair styling)**

- प्राचीन काल से ही बालों को संवारने की प्रथा चली आ रही है। बालों को संवारना एक आवश्यकता है जो प्रत्येक महिला के द्वारा प्रयोग की जाती है।
- हेयर स्टाइलिंग एक कला है जिसे करने के लिए एक हेयर स्टाइलिस्ट को बाल की संरचना, प्रकार बाल की मोटाई, लम्बाई व स्थिति का ज्ञान होना आवश्यक है ।
- हेयर स्टाइलिंग में प्रयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों व सामान का ज्ञान फैशन के अनुसार होना चाहिए।
- एक निपुण हेयर स्टाइलिस्ट, हेयर स्टाइल बनाते हुए समय, उम्र, आवश्यकता आदि कारक का ध्यान रखें।
- बिजली के उपकरणों का प्रयोग व देखभाल

**हेयर स्टाइलिंग के प्रकार (Types of hair styling)**

हेयर स्टाइलिंग को विस्तार से समझने के लिए इसे दो भागों में बांटा गया है।

- पारंपरिक हेयर स्टाइलिंग (Traditional hair styling)
- सूखे बालों और गीले बालों की हेयर स्टाइलिंग (Dry and wet hair styling)

**पारंपरिक हेयर स्टाइलिंग (Traditional hair styling)**

इसके अंतर्गत इंटरलॉक, पिंकर्लस, फिंगर वेविंग, रोल्स, ट्विस्टंग इत्यादि। इन हेयर स्टाइल्स को ग्राहक समय, उम्र, आवश्यकता और कार्य के अनुसार प्रयोग में लाता है। इन हेयर स्टाइल्स को बालों की बनावट, लम्बाई, स्थिति और मोटाई आदि पर निर्भर करते है।





**बैक कॉमिंग एंड बैक ब्रशिंग (Back combing and back brushing)**

हेयर स्टाइलिंग में उभार (Volume) देने के लिए चेहरे के आकार, उम्र, शरीर की बनावट आदि के अनुसार कम या अधिक दी जाती है। उभार अर्थात बैक कॉम्बिंग व बैक ब्रशिंग (Back combing) को ऊल्टी कंघी के नाम से भी जाना जाता है। इस विधि के अनुसार बाल में आवश्यकतानुसार उभार दिया जाता है।

प्रक्रिया :


- बाल में ब्रश करें । जिस जगह पर उभार देना है उन बाल की लट को अपने स्थान से $90^0$ पर टेल कॉम्ब के द्वारा उठायें।





- इन बालों को ऊल्टी कंघी करते हुए सिर की चमड़ी की ओर जायें। इस क्रिया में बाल में एक प्रकार की उलझने पड़ जाती है जो उभार देने में सहायक होती है।
- सिर की ओर बाल को अपने स्थान से जो हिस्सा ऊपर की तरफ आ रहा है उसे हल्की हल्की कंघी करते हुए साफ करें जिससे कि बाल प्राकृतिक दिखाई दें।





- इस तकनीक का प्रयोग आमतौर पर सिर के मध्य कान से आगे और इंटरलॉक बनाने में किया जाता है।





रिमुवल ऑफ बैक कॉम्बिंग एवं बैक ब्रशिंग **(Removal of back combing and back brushing)**

- बैक कॉमिंग को खोलने या हटाने की एक विशेष विधि होती है जिसका प्रयोग ग्राहक को अवश्य बताएँ।
- टेल कॉम्ब की टेल की सहायता से हल्के हल्के हाथ के द्वारा इन विशेष बालों को उठायें और बाहर की तरफ बैक कॉमिंग को खोलें।
- इस विधि में बाल नही टूटते और बैक कॉम्बिंग आसानी से खुल जाती है।

ब्रेडिंग **(Braiding)**



ङ

यह एक प्रकार की हेयर स्टाइलिंग विधि है। इस क्रिया द्वारा ऊँगलियों और टेल कॉम्ब की सहायता से सिर के आगे के बाल को सजाने के लिए किया जाता है। कभी कभी इस क्रिया को पीछे के बालों पर भी प्रयोग कर सकते है। यदि बाल कटे हुए या ऊपर-नीचे (uneven) हो तो हल्का सा हेयर स्प्रे द्वारा बालों को गीला कर सकते है जिससे कि तैयार किया गया हेयर स्टाइल साफ दिखाई दें। ब्रेडिंग अनेक विधियों के द्वारा दी जा सकती है जैसे फ्रेंचब्रेट, ट्विस्टंग ब्रेट (French braid & Twisting braid) आदि।

ब्राइडर हेयर स्टाइल **(Bridal hair style)**

दुल्हन को हेयर स्टाइल एक प्रकार का पारंपरिक भारतीय हेयर स्टाइल है जिससे आज के समय में दुल्हन के हेयर स्टाइलिंग में प्रयोग किया जाता है। बालों में अधिक उभार व फुलाव देखते हुए आगे की हेयर स्टाइलिंग की जाती है। आवश्यकतानुसार कान के आगे व पीछे ब्रेडिंग दी जा सकती है। रोल्स या इंटरलॉक पीछे के बालों में बनाते हुए हेयर स्टाइल दिया जाता है। फूलों, गजरों व गहनों के द्वारा सजाया जाता है।



उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप सीख पायेंगें
- थर्मल उपकरण द्वारा ब्लो ड्राईग
- आयरनिंग / क्रिम्पिंग
- हेयर प्रेसिंग
- टॉग / कर्लिग रॉड द्वारा कर्ल
- इलेक्ट्रिक रोलर्स ।

**सूखे और गीले बालों की हेयर स्टाइलिंग (Dry and wet hair styling)**

**सूखे बालों की हेयर स्टाइलिंग (Dry hair styling)**

सूखे बालों की हेयर स्टाइलिंग के लिए बिजली के उपकरणों के द्वारा बनाए गए स्टाइल को थर्मल स्टाइलिंग कहते है

**थर्मल हेयर स्टाइलिंग (Thermal hair styling) :**

इस विधि के द्वारा बाल को ताप देने वाले उपकरणों से हेयर स्टाइल दिया जाता है। आधुनिक समय में विभिन्न प्रकार के थर्मल उपकरण बाजार में उपलब्ध है जिनसे बालों को नया आकार दिया जा सकता है जिसके अंतर्गत निम्नलिखित

ब्लो ड्राईंग (Blow drying)

आयरनिंग/क्रिम्पिंग (Ironing/crimping)

हेयर प्रेसिंग (Hair pressing)

टोंग/कर्लिंग रॉड (Tong/curling rod)

इलेक्ट्रिक रोलर्स /प्री-हीटिड रोलर्स (Electric rollers or pre-heated rollers) के द्वारा विभिन्न हेयर स्टाइल बनाए जा सकते है।

**B) गीले बालों की स्टाइलिंग (Wet styling)**

गीले बालों की हेयर स्टाइलिंग के लिए पिनकर्ल्स और फिंगर वेविंग आदि है। उत्तम परिणाम पाने के लिए निपुण प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट ही इस कार्य को सही कर सकता है।

**थर्मल सेटिंग के प्रयोग में आने वाले कॉस्मेटिक्स व सामान (Cosmetics and material)**

शैम्पू (Shampoo)

हेयर कंडीशनर (Hair conditioner)

स्टाइलिंग मूस (Styling mouse)

नेक केप (Neck cape)

तैलिया (Towel)

हेयर स्प्रे (Hair spray)

सेटिंग/स्टाइलिंग लोशन (Setting/styling lotion)

जैल (Hair Gel)

क्लिप्स (Clips)

टेल कॉम्ब (Tail comb)

हेयर ब्रश (Straight and round Hair brushes)

कंघी (All types of Combs)

हेयर ऑइल (hair oil)

सिरम (serum)

- ब्लो ड्राइंग (Blow drying): बालों को हेयर ड्रायर की सहायता से हेयर स्टाइलिंग देते हुए सुखाने की विधि को ब्लो ड्राइंग कहते है। बाल को अस्थायी रूप से सीधा करना या कर्ल तथा उभार देने की की विधि है।

**लाभ (Advanatages)**

- बाल को जल्दी सुखाता है।
- बाल में उभार लाता है।
- बाल को आवश्यकतानुसार वेव या कर्ल देता है।
- वेव बालों को सीधा करता है।

**तैयारी (Preparation)**

- ग्राहक के कपड़ों को सुरक्षित रखने के लिए बड़े तौलिये को गर्दन के चारों ओर लपेटें।
- नेक केप की सहायता से गर्दन को सुरक्षित करें।
- जिस थर्मल उपकरण का प्रयोग करना है उसे पहले से ही आवश्यकतानुसार गर्म करें।
- आवश्यकतानुसार ट्रीटमेंट के लिए ट्रॉली तैयार करें।

**प्रक्रिया (Procedure)**

- बाल को शैम्पू करें और तौलिये की सहायता से आंशिक रूप से बालों को सूखायें।
- स्टाइलिंग लोशन को बाल पर लगायें।

